कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के द्वारा फरवरी, 2022 माह में किये गए महत्वपूर्ण / उल्लेखनीय कार्य

I. अखिल भारतीय सेवा मामले

(i) दिनांक 02.02.2022 को सिविल सेवा परीक्षा नियमावली, 2022 को अधिसूचित किया गया है। दिनांक 17.02.2022 को सीएसई-2022 की भागीदारी वाली सेवाओं में भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) को शामिल करने के लिए एक अनुपूरक (अडेंडम) भी अधिसूचित किया गया है।

(ii) केंद्र सरकार द्वारा क्रमशः तमिलनाडु, (03) उड़ीसा, (03) कर्नाटक, (01) और मणिपुर (03) की राज्य सरकारों से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नति द्वारा कुल 10 नियुक्तियाँ अधिसूचित की गई।

(iii) कुल 20 अधिकारियों की क्रमशः नागालैण्ड, (05) उड़ीसा, (11) उत्तर प्रदेश (01) और सिक्किम (03) राज्यों से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नति द्वारा नियुक्तियों के बरिष्ठता/आबंटन वर्ष निर्धारित किए गए और जारी किए गए। इसके अतिरिक्त विवाह के आधार पर 4 भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के अंतर-संवर्गीय स्थानांतरण की अधिसूचना भी जारी की गई।

II क्षमता विकास

(i) राज्य मंत्री, कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय ने सिविल सेवकों द्वारा लोक सेवा में आरंभ किए गए सफल नवचारों की पहचान करने के लिए दिनांक 04.02.2022 को क्षमता विकास आयोग (सीबीसी) के 'लोक प्रशासन में नवाचार' कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया

(ii) कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत दिनांक 31.01.2022 को निगमित कर्मयोगी भारत के निदेशक मंडल की प्रथम बैठक दिनांक 28.02.2022 को आयोजित की गई।

(iii) सीबीसी द्वारा पहचानी गई क्षमता आवश्यकता के आधार पर आईएसटीएम ने 14 से 19 फरवरी 2022 तक मिश्रित (ब्लेंडेड) मोड में खाद्य प्रसंस्करण उधोग (एफपीआई) मंत्रालय के सभी सहायक अनुभाग अधिकारियों/अनुभाग अधिकारियों और तकनीकी अधिकारियों के लिए एक छः दिवसीय गहन क्षमता बिकास कार्यक्रम आयोदित किया।

(iv) 45 मंत्रालयों/विभागों से 5167 प्रयोक्ताओं और 142 लाईव पाठ्यक्रमों को आईजीओटी कर्मयोगी प्लेटफार्म (बीटा संस्करण) पर स्थानांतरित (माइग्रेट) किया गया है।

(v) अवसंरचना क्षेत्र के लिए क्षमता विकास पर कार्यकारी समूह की प्रथम बैठक 14 मंत्रालयों/विभागों/संगठनो के प्रतिनिधियों के साथ दिनांक 04 फरवरी, 2022 को आयोजित की गई।

(vi) क्षमता विकास आयोग ने दिनांक 25-26 फरवरी 2022 के दौरान क्षमता विकास लेंस से सिविल सेवा सुधारों के इतिहास का पुनःनिरीक्षण विषय पर दो दिवसीय़ वर्चुअल गोलमेज का आयोजन किया, जिसका उद्‌घाटन माननीय कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्री द्वारा किया गया।

III. स्थापना मुद्दे

(i) मणिपुर-2022 राज्य की विधानसभा के लिए आम चुनाव और असम विधानसभा की 99-माजुली (एसटी) एसी, पंजाब, मणिपुर, उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश-2022 में उप-चुनाव के दौरान मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश देने के संबंध में निर्देश दिनांक 15.02.2022 के का.ज्ञा. सं. 12/1/2022-जेसीए के तहत जारी किया गया था।

(ii) केन्द्र सरकार के कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से कार्यालय आने के संबंध में निर्देश दिनांक 06.02.2022 को का.ज्ञा. सं. 11013/9/2014-स्था.क-III के तहत जारी किया गया था।

(iii) पार्श्विक भर्ती के माध्यम से संयुक्त सचिव के रूप में नियुक्ति के लिए 3 उम्मीदवारों, निदेशक (पद) के लिए 19 उम्मीदवारों और उप-सचिव के लिए 9 उम्मीदवारों में से 30 उम्मीदवारों ने विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में कार्यभार ग्रहण किया है।

IV. सतर्कता मंजूरी

संयुक्त सचिव को पैनल में रखने के लिए 05 (पांच) आईएएस अधिकारियों के संबंध में और विभिन्न उद्देश्यों अर्थात् अंतर-संवर्ग प्रतिनियुक्ति, स्थानांतरण, परिवीक्षा आदि के लिए अन्य 19 (उन्नीस) आईएएस अधिकारियों के लिए सतर्कता मंजूरी जारी की गई।

V. विशेष अभियान

फरवरी, 2022 के दौरान 691 लोक शिकायतों का निपटान किया गया और रिकॉर्ड प्रबंधन के रूप में, 790 फाइलों की समीक्षा की गई और 04 इंटर-मिनिस्टिरियल मंत्रिमंडल संदर्भों का निपटान किया गया।

VI. चयन और नियुक्तियां

(i) पीईएसबी, डीओपीटी ने निदेशक/सदस्य के 17 (सत्रह) पदों और प्रबंध निदेशक (एमडी)/मुख्य प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के 02 (दो) पदों के लिए विज्ञापन जारी किया। सीएमडी/एमडी के 03 (तीन) पदों और निदेशक के 12 (बारह) पदों के लिए चयन बैठकें हुई।

(ii) कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने दिनांक 01.02.2022 को संयुक्त उच्च माध्यमिक (10+2) स्तर की परीक्षा (सीएचएसएलई)-2021 के लिए भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों और विभिन्न संवैधानिक निकायों/वैधानिक निकायों/न्यायाधिकरणों इत्यादि के लिए लोअर डिवीजनल क्लर्क/कनिष्ठ सचिवालय सहायक, डाक सहायक, छंटाई सहायक और डाटा एंट्री ऑपरेटर्स से आवेदन मांगे हैं। इसके अलावा, एसएससी ने निम्नलिखित परिणाम घोषित किए हैं।

(क) दिनांक 25.02.2022 को कनिष्ठ अभियंता (सिविल, यांत्रिक, इलोक्ट्रिकल और मात्रा सर्वेक्षण एंव संविदा) परीक्षा (प्रश्नपत्र-II)-2020

(ख) कौशल परीक्षण (टंकण परीक्षण) दिनांक 28.02.2022 को संयुक्त उच्च माध्यमिक (10+2) स्तर परीक्षा-2019

(iii) कर्मचारी चयन आयोग निम्नलिखित परीक्षाएं भी आयोजित करता हैः

(क) दिनांक 02.02.2022 और 11.02.2022 के बीच में मैट्रिक स्तर, उच्च माध्यमिक स्तर और स्नातक एवं इससे ऊपर के स्तर का चयन पद (चरण-IX) परीक्षाएं (पंजाब, उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश को छोड़कर)

VII. कल्याण

(क) विनय मार्ग स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में दिनांक 22 फरवरी से 24 फरवरी 2022 तक अंतर मंत्रालय शूटिंग बॉल 2021-22 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में 7 टीमों ने भाग लिया, जिसमें भिन्न-भिन्न मंत्रालयों/विभागों से 100 से अधिक प्रतिभागी शामिल हैं।

(ख) एआईआईएमएस जिमखाना में 27 -30 दिसम्बर, 2021 और 21-28 फरवरी 2022 तक अंतर मंत्रालय बैडमिंटन 2021-22 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में कुल 16 पुरुष टीमों तथा 8 महिला टीमों और 415 पुरुषों एवं 85 महिलाओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। कुल 19 आयोजन किए गए थे।